01062025-DTM-05_27DT02A.qxd 5/31/2025 9:27 PM Page 1

बाकल गांव में दर्दनाक घटना, पारिवारिक कलह के चलते उठाया कदम

मां ने दो बेटियों संग खाया जहर, तीनों की मौत

कैथल, 31 मई (हप्र)

जिले के गांव बाकल में दर्दनाक घटना सामने आई है। पारिवारिक कलह और मानसिक प्रताड़ना के चलते एक महिला ने अपनी 2 बेटियों के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरा गांव सदमे में है। मृतकों की पहचान 50 वर्षीय गुड्डी देवी, उसकी बेटी 32 वर्षीय निशा और 22 वर्षीय पूजा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पूंडरी थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह व डीएसपी गुरविंदर सिंह मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से नमूने एकत्रित किए। तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 18 वर्ष पहले अपने पति जसवंत की मौत के बाद गुड्डी देवी ने अकेले ही मेहनत मजदूरी कर एक बेटा और दो बेटियों का पालन-पोषण किया था। बड़ी बेटी निशा की शादी 15 साल पहले करनाल जिले के गांव रोडान माजरा निवासी जितेंद्र के साथ हुई थी, वह पिछले कई वर्षों से अमेरिका में रह रहा था। उसके 2 लड़के हैं। वहीं छोटी बेटी पूजा की शादी 2 फरवरी को गांव बंदराणा निवासी अनिल कुमार से हुई थी। बताया गया है कि गुड्डी देवी का बेटा नीरज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया में ही रह रहा है। दो साल पहले घर की एक एकड़ जमीन बेचकर उसे अमेरिका भेजा गया था।

कैथल के गांव बाकल में आत्महत्या करने वाली मां व बेटियां। -हप

> तीन महिलाओं के जहर खाकर आत्महत्या की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर जांच की गई और फोरेंसिक टीम ने नमूने एकत्र किए हैं। मौत के असली कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएंगे।
> -गुरविंदर सिंह, डीएसपी

कमरे में बेटियों के शव, बाथरूम में मिली मां की लाश

घटना के वक्त तीनों महिलाएं घर में अकेली थीं। शनिवार सुबह जब रिश्तेदारों व मामा ने फोन किया और कोई जवाब नहीं मिला तो चिंता बढ़ गई। इसके बाद गांव के पड़ोसियों को फोन कर घर जाकर देखने को कहा। पड़ोसी रिश्ते में दादा लगने वाले मलखान सिंह ने खुद घर जाकर देखा, तो दोनों बेटियों के शव कमरे में बेड पर पड़े थे जबकि मां का शव बाथरूम में मिला। मलखान सिंह ने बताया कि गुड्डी देवी एक मजबूत और मेहनती महिला थी, जिसने पति की मौत के बाद कभी हार नहीं मानी, लेकिन बेटियों की परेशानियों ने उसे तोड़ दिया।

बच्चियों के उत्पीड़न के दोषी को 5 साल की जेल, जुर्माना

शाहाबाद मारकंडा, 31 मई (निस)

बच्चियों के उत्पीड़न मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट) की अदालत ने थाना शाहाबाद निवासी एक व्यक्ति को 5 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामले के अनुसार, 13 जून 2023 को एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी 7 व 5 साल की दो नाबालिग पोतियां हैं। घटना के समय उसकी दोनों पोतियां घर के पीछे खाली जगह में खेल रही थी। उसी समय घर के पीछे से लड़कियों के रोने की आवाज सुनी। जब उसने जाकर देखा तो उसके गांव का एक लड़का उसकी नाबालिग पोतियों के साथ गलत काम कर रहा था। जिसकी शिकायत पर थाना शाहाबाद में 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

29 मई को मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माना तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

'संस्कृति, राष्ट्र को समर्पित रहा अहिल्याबाई होल्कर का जीवन'

पिहोवा में पार्टी कार्यकर्ताओं के काफिले को राज्यस्तरीय कार्यक्रम के लिए रवाना करते भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी। -निस

पिहोवा, 31 मई (निस)

अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी की अगुवाई में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि नारी शक्ति की प्रतीक, राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की पुनः स्थापना की अग्रदूत देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती देश में धूमधाम से मनाई जा रही है। अहिल्याबाई होल्कर ने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थस्थलों का पुनरोद्धार कराया, वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

डेंटल कॉलेज में 107 मरीजों की मुफ्त जांच, बांटी दवाइयां

यमुनानगर के जेएन कपूर डीएवी डेंटल कॉलेज में आयोजित शिविर में रोगियों के फेफड़ों की जांच करते डॉक्टर। -हप

यमुनानगर, 31 मई (हप्र)

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जेएन कपूर डीएवी डेंटल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 107 मरीजों की मुफ्त जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। ब्रिदोमीटर टेस्ट से उनके फेफड़ों की जांच की गई। लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रिंसिपल डॉ. आईके पंडित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें डॉ. मोनिया शर्मा और डेंटल कॉलेज के छात्रों और स्टाफ का विशेष योगदान रहा। हर मरीज को दो बार ब्रश करने और मुंह की देखभाल के महत्व के बारे में बताया गया, साथ ही उन्हें तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, खैनी, पान मसाला, गुटखा और सुपारी के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया गया। रंगोली के माध्यम से तंबाकू के खतरों को उजागर किया गया और पेशेंट्स को इसके हानिकारक प्रभाव के बारे में समझाया गया।

'असहाय की मदद से मिलता है परम सुख'

यमुनानगर, 31 मई (हप्र)

रोटरी यमुनानगर नोवेल की चार्टर प्रेजेंटेशन सेरिमनी का आयोजन जिमखाना क्लब में किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजपाल सिंह मुख्य अतिथि थे। क्लब के प्रधान रोटेरियन रेवंत अग्रवाल ने बताया कि यह एक नया क्लब है जिसका गठन हाल ही में हुआ है । उन्होंने उपस्थित समूह को विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में क्लब समाज सेवा के लिए कई कार्य आरंभ करेगा। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय की मदद करने में जो परम सुख मिलता है उसकी व्याख्या नहीं की जा सकती। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजपाल सिंह ने कहा कि संस्था में युवाओं को आगे आने की जरूरत है ताकि समाज का कल्याण हो सके। इस दौरान कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रविंद्र अग्रवाल, पूर्व जिला गवर्नर रोटेरियन अरुण होनी, पूर्व जिला गवर्नर रोटेरियन सुभाष गर्ग, रोटेरियन नरेंद्र पाल सिंह भोला, रोटेरियन संदीप जैन मौजूद थे।

हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड की पहल

सरस्वती नदी के दोनों ओर बनेगी 63 किलोमीटर लंबी पगडंडी

पंकज अरोड़ा/निस

पिपली (कुरुक्षेत्र), 31 मई

भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम की महाभारतकालीन सरस्वती यात्रा के पहले चरण के कार्य हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच ने शुभारंभ किया। जब महाभारत का युद्ध हुआ तब बलराम ने युद्ध में हिस्सा न लेकर सरस्वती की द्वारका से लेकर आदिबद्री तक की यात्रा की थी। जिसका वर्णन महाभारत के वनप्रव, शल्य प्रव व वामन पुराण व कई इन ग्रंथों में आता है। उन्होंने इस यात्रा के दौरान सभी तीर्थों के दर्शन किए थे।

उन्होंने कहा कि सरस्वती बोर्ड अब इस यात्रा को प्रारंभ करने के लिए रास्ता बना रहा है। उन्होंने बताया कि सरस्वती को मज़बूत करने के लिए दोनों तरफ़ मज़बूत रास्ता व पगडंडी बनाने के लिए इस कार्य का शुभारंभ किया गया। धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी के दोनों तरफ़ के बांध मज़बूत करने से इस क्षेत्र में फ्लड से भी छुटकारा मिलेगा तथा डार्क ज़ोन भी दूर होगा। यह कार्य यमुनानगर के ऊंचा चांदना से लेकर पिपली तक किया जा रहा है। धुम्मन सिंह किरमच ने बताया कि यह कार्य 63 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करेगा। बरसात के दिनों में पानी का भराव हो जाता था, इस परियोजना से आमजन को बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती बोर्ड में जितने भी रिजरवायर नदी के किनारे बनाए हुए हैं उसमें पानी डालने का भी काम ज़्यादा होगा और और रादौर वह लाडवा क्षेत्र का डार्क ज़ोन भी दूर होगा। इस योजना से किसानों को फ़्लड से राहत मिलेगी, खेती के लिए ज़्यादा पानी मिलेगा और पवित्र यात्राओं का मार्ग बनेगा ।

गांव सालवन में हुई घोषणाओं पर बोले शमशेर सिंह गोगी

जो बजट 2 साल पहले पास हुआ, उसी की घोषणा कर चले गये मुख्यमंत्री

असंध, 31 मई (निस)

गांव सालवन में महाराणा प्रताप जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई घोषणाओं को लेकर कांग्रेस के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने उन पर निशाना साधा है। शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिन सड़कों की रिपेयरिंग की बात की है या बजट की घोषणा की है, वह बजट तो जब वह विधायक थे (2023-24) तब से आया हुआ है। मुख्यमंत्री ने असंध कोहंड मार्ग की स्पेशल रिपेयर की घोषणा की, इसका बजट भी 2024 से पास हुआ है, लेकिन सरकार काम चालू नहीं करवा पाई है। पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान बोल रहे थे। बड़े शर्म की बात है कि असंध में महाराणा प्रताप भवन के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा की है। जबकि मुख्यमंत्री को चाहिए था यहां 21 करोड़ रुपए से भवन का निर्माण करवाते।

असंध में शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बात करते पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी। साथ हैं अन्य पदाधिकारी। -निस

कांग्रेस की सरकार आने पर कांग्रेस सरकार असंध में जमीन लेकर 21 करोड़ रुपए से महाराणा प्रताप भवन का निर्माण करवाएगी। उसमें महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ा हुआ एक संग्रहालय का निर्माण होगा, ताकि युवा और समाज उससे प्रेरणा ले सके। गोगी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी को असंध को जिला बनाने की घोषणा कर देनी चाहिए थी या फिर कमेटी से बात करके बनवाने का आश्वासन देना था। इसके अलावा 2 साल से 100 बेड का अस्पताल बनवाए जाने के पैसे आए हैं, असंध सिरसल रोड को बनाए जाने का केंद्र सरकार से 53 करोड़ का बजट आया है। स्टेडियम का 5 करोड़ का बजट आया है। लेकिन एक भी प्रोजेक्ट पर काम चालू नहीं हो पाया है और न ही सीएम ने उसकी बात की। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरजीत राणा, कांग्रेस नेत्री सोनिया बोहत, पूर्व सिटी प्रधान जितेन्द्र चोपड़ा, जतिन बिंदल मौजूद रहे।

आजाद नगर में आयोजित जनसभा में मंत्री कृष्ण बेदी बोले

प्रगति की राह पर अग्रणी होगा नरवाना

नरवाना, 31 मई (निस)

बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

मानसून से पहले जलभराव से निपटने और बाढ़ राहत समेत कई अन्य जन समस्याओं पर चर्चा करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिकारी सभी औपचारिकताएं पूरी कर कार्य शुरू करें और कार्य को अमलीजामा पहनाएं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने न्यू आजाद नगर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया और कहा कि मौजूदा राज्य सरकार का मुख्य विजन मजदूर, किसान और युवा वर्ग का कल्याण है। आमजन को सभी सुविधाएं मिले और प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का विकास हो, इसी कटिबद्धता के साथ सरकार कार्य कर रही है। विकास परियोजनाओं एवं जन कल्याणकारी नीतियों का नरवाना को भी एक समान फायदा मिलेगा और भविष्य में क्षेत्र प्रगति की राह पर अग्रणी बनेगा।

कैबिनेट मंत्री बेदी ने कहा कि धनौरी ड्रेन तक 27 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाने के बाद पूरा शहर की सीवरेज एवं जलभराव समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू हो चुका है और इस पर 70 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा चमेला कॉलोनी में भी 11 करोड़ की लागत से सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त होगी। आजाद नगर युवाजन सेवा संगठन द्वारा रखी मांगों पर भी बेदी ने घोषणाओं की झड़ी लगाई। उन्होंने वार्ड-14 की सभी गलियों का भी कायाकल्प करने के लिए भी कहा। कार्यक्रम में बेदी का भव्य स्वागत किया गया।

क्षेत्र का किया दौरा

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अधिकारियों की टीम के साथ किया नेशनल हाईवे तथा धन्ना भगत चौक का दौरा मौका मुआयना के दौरान सीवरेज एवं सफाई संबंधी समस्याओं पर कैबिनेट मंत्री ने लिया कड़ा संज्ञान लिया।

कैबिनेट मंत्री श्री बेदी ने हिसार रोड से पुराना बस स्टैंड का निरीक्षण किया और रोड़ पर नालों की सफाई न होने, चौराहों पर स्थापित लाइट्स सही तरीके से काम न करने, फुटपाथ पर लगी ग्रीलों की जर्जर हालात पर नाराजगी की जताई।

खैर की तस्करी में युवक गिरफ्तार

जगाधरी, 31 मई (हप्र)

चिकन जंगल से खैर की लकड़ी काट कर कार में लादकर अवैध रूप से ले जा रहे खैर तस्कर को वन विभाग की टीम ने खारवन गांव के पास पकड़ लिया। कार से 50 पीस खैर की लकड़ी के बरामद किए गए। सदर जगाधरी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

आरोपी की पहचान कार चालक चिकन गांव निवासी मनीष कुमार है। उसे काबू किया गया। कार से खैर के 50 पीस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी मनीष ने बताया कि यह खैर की लकड़ी उन्होंने चिकन जंगल से काटकर चोरी की है।

सदर जगाधरी थाना पुलिस ने मनीष कुमार पर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मॉक ड्रिल से लिया तैयारियों का जायजा

पिहोवा, 31 मई (निस)

उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि आपेशन शील्ड के तहत सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल करवाई गई और राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया गया। सैंसज पेपर मिल बाखली में शनिवार को मॉक ड्रिल करवाई गई।

महंत के जन्मोत्सव पर मंदिर में समागम, भंडारा

जगाधरी, 31 मई (हप्र)

श्रीलाल द्वारा मंदिर हनुमान गेट में 14वीं पातशाही के बैकुंठवासी महंत नारायण दास महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर कमेटी ने किया, जिसकी देखरेख कमेटी प्रधान कुलभूषण मेहता एवं महासचिव नरेंद्र पुरी द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रभु संकीर्तन एवं भजन कीर्तन किया गया, जिसमें भजन मंडलियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्र मदान ने बताया कि महंत नारायण दास ने 1978 से 2001 तक 23 वर्षों तक ध्यानपुर गद्दी की सेवा की। आयोजन में सुरेंद्र कुमार विग, पवन महेंद्र,कृष्ण लाल विग, पवन घई, रमेश वडेरा, अमित सचदेवा, राजेंद्र आनंद, मूलराज भारद्वाज, राजेंद्र वोहरा, बीबी सचदेवा, श्यामू उपस्थित रहे। मंदिर समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र मदान ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य संतों के जीवन को जनमानस तक पहुंचाना है।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली–110001 फोन:–011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
करनाल शाखा:–पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एससीओ 218–219, द्वितीय तल, सेक्टर 12, भाग 1, सिटी सेंटर हुडा, करनाल – 132001

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्यामूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–बी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यों), जिसका प्रलेक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल) /प्रत्यामूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/KAR/1217/467125, बी.ओ. करनाल, सुशील कुमार/सुनीता देवी	18.04.2022 तक रु. 17,46,482.61/–	भौतिक कब्जा	प्लॉट वार्ड नंबर 17, विग कॉलोनी, घरौंडा, कस्पा में स्थित पैटर वाली गली, तहसील घरौंडा, करनाल हरियाणा–132114, खेवट संख्या 1257, खतौनी संख्या 1561, मुरब्बा संख्या 147 में शामिल, किला नंबर 20, 5/72 रकबा का हिस्सों 3 कनाल 12 मरले बाकदार 5 मरले (150 वर्ग गज), जमाबंदी वर्ष 2010–2011 श्रीमती के नाम पर सुनीता देवी विक्रय विलेख रजि. क्रमांक 4299 दिनांक 06.01.2014	रु. 1008000	रु. 100800	19.06.2025	रु. 10000	12.06.2025 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30	20.06.2025 अप.2.00 बजे से अप. 3.00	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारी की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।

1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. समाविष्ट क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेज़ों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती है तथा सभी संदर्भों में अपनी सुरुचि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सें) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती है। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (बयाना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिपॉज़िट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। 4. **सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरुग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट – **www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **राहुल दुआ, संपर्क नंबर 1800 120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखे

स्थान: करनाल, दिनांक: 01-06-2025 प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड